महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (मदवि) ने सभी स्नातकीय/स्नातकोत्तर (यूजी/पीजी) पाठ्यक्रमों के अंतिम सेमेस्टर/वर्ष की परीक्षाओं के आयोजन बारे विद्यार्थियों से ऑनलाइन परीक्षा/ऑफलाइन परीक्षा बारे राय जानने तथा उनके विकल्प चुनने बारे मदवि वेबसाइट पर ऑनलाइन सर्वे फार्म मुहैया करवाया है।

परीक्षा नियंत्रक डा. बीएस सिन्धु ने बताया कि एमडीयू वेबसाइट पर जाकर अंतिम वर्ष/सेमेस्टर के विद्यार्थी अपनी चॉयस दर्ज करवा सकते हैं। एक बार दर्ज किया गया रिस्पांस (चॉयस) बदला नहीं जा सकेगा। यह ऑनलाइन सर्वे लिंक http://examsurvey.mdu.ac.in/ पर उपलब्ध है। यह ऑनलाइन सर्वे एमडीयू के टीचिंग डिपार्टमेंट्स, एमडीयू-सीपीएएस, गुरूग्राम तथा सभी संबद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए है।

3:30 PM